राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट

दिनांक : 6–09–2010

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2010 दिनांक 29–09–2010 को आयोजित होने जा रही है के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र प्रेषित करने की कार्यवाही प्रगति पर है । सम्भवतः सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिनांक 18–9–2010 तक प्रेषित कर दिये जाएँगे । अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु आयोग द्वारा उनके परीक्षा में प्रवेश सम्बन्धी समस्त जानकारी आयोग की वेब साईट http//www.rpsc.gov.in पर जारी कर दी गई है । अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र क्रमांक/बार कोड़ नम्बर (Application/Bar Code No.)/नाम के द्वारा वेब साईट से प्रवेश सम्बंधी जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

आयोग द्वारा अभ्यर्थी को उसके द्वारा O.M.R. Sheet में भरी गयी सूचना के अनुरूप ही ऐच्छिक विषय आवंटित किया गया है जिसमें किसी भी स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी को आयोग द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र एवं ऐच्छिक विषय में ही प्रवेश देय होगा ।

ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने वेब साईट के द्वारा रोल नम्बर आदि की जानकारी प्राप्त कर ली है और यदि उन्हें प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं होता है तो वे उनके द्वारा चुने गये परीक्षा जिला केन्द्र के जिलाधीश कार्यालय पर दिनाक 27–09–2010 से स्थापित आयोग के परीक्षा कन्ट्रोल रूम से पांच रूपये नगद/पोस्टल आर्डर व दो फोटो प्रस्तुत कर प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकते हैं । आयोग कार्यालय परिसर में अभ्यर्थियों के सुविधार्थ दिनाक 24–09–2010 से तथा समस्त जिलों के जिलाधीश कार्यालय पर दिनाक 27–09–2010 से कन्ट्रोल रूम स्थापित किये जायेंगे ।

आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को प्रेषित प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थियों का फोटो मुद्रित कर भेजा जा रहा है । यदि ऐसे अभ्यर्थी जिनके प्रवेश पत्र पर फोटो मुद्रित किया हुआ प्राप्त नहीं होता है तो ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर अपने दो फोटो आवश्यक रूप से लेकर उपस्थित होंवे तथा फोटो कक्ष में नियुक्त अभिजागर को उपस्थिति पत्र पर चिपकाने हेतु सोंप दें ।

(के. वीधानी)
उप सचिव